# विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर घटा

मुंबई, 26 जून (भाषा)।

रेकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद गत 18 जून, 2021 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.14 अरब डॉलर घटकर 603.93 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया। इससे पूर्व 11 जून, 2021 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.074 अरब डॉलर बढ़कर 608.081 अरब डॉलर के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 18 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का कारण विदेशी मुद्रा आस्तियों में गिरावट रहा। आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां आलोच्य सप्ताह के दौरान 1.918 अरब डॉलर गिरकर 561.540 अरब डॉलर रह गईं। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां डॉलर में व्यक्त की जाती हैं पर इसमें डॉलर के अलावा यूरो, पाउंड और येन में होने वाले उतार-चढ़ाव का भी समायोजन किया गया है। पिछले सप्ताह में 49 करोड़ डॉलर की वृद्धि के बाद स्वर्ण भंडार भी आलोच्य सप्ताह के दौरान 2.170 अरब डॉलर घटकर 35.931 अरब डॉलर रह गया।

## KHANDELWAL EXTRACTIONS LIMITED

CIN : L24241UP1981PLC005282 ; Regd. Office: 51/47, Naya Ganj, Kanpur- 208 001

Extract of statement of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2021

Rs./ Lacs

| Sl. No. | Particulars | 3 Months Ended 31-03-2021 Audited | Year Ended 31-03-2021 Audited | Corresponding 3 Months Ended 31.03.2020 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | - | - | - |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.37) | (35.70) | (13.05) |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.37) | (35.70) | (13.05) |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 2.06 | (25.27) | (1.55) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 2.06 | (25.27) | (1.38) |
| 6. | Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- per share) | 85.01 | 85.01 | 85.01 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 90.90 | 90.90 | - |
| 8. | Basic & Diluted Earnings per share (of Rs.10/- each) (For continuing and discontinuing operations) (Not Annualised) (in Rs.) | 0.02 | (2.97) | (0.02) |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange website: www.bseindia.com and on the Company's website: www.khandelwalextractions.com

For and on behalf of the Board of Directors
Dinesh Khandelwal
Director (Finance & CFO)
DIN: 00161831

Place: KANPUR
Date: 26.06.2021

## श्री वर्स्टेक्स लिमिटेड

CIN: L17111DL1982PLC013790
पंजी. कार्यालयः 325, IIIरा तल, अगरवाल प्लाजा, सेक्टर-14, रोहिणी, नई दिल्ली-110085
ई-मेलः shreeworstex@gmail.com, info@shreeworstex.in,
वेबसाईटः www.shreewortex.in, मोबा.: 9315202833

**31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए अंकेक्षित स्टैण्डएलोन वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रु. लाखों में)

| क्रम सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.3.2021 (अंकेक्षित) | तिथि तक वर्ष के आंकड़े 31.3.2021 (अंकेक्षित) | पूर्व वर्ष 31.3.2020 में समाप्त तत्स्थानीय 3 महीने (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 44.60 | 118.44 | 23.26 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व ) | 10.70 | 54.11 | 15.40 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद ) | 10.70 | 54.11 | 15.40 |
| 4. | कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं अथवा असाधारण मदों के बाद ) | 13.90 | 48.59 | 15.40 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/ (हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद से शामिल) | 72.15 | 159.41 | 26.57 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 314.00 | 314.00 | 314.00 |
| 7. | आरक्षित (पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाई गई पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित) | 99.81 | 99.81 | 64.93 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (जारी तथा अवरुद्ध प्रचालनों के लिए) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | |
| | क) मूल : | 0.44 | 1.55 | 0.49 |
| | ख) तरल : | 0.44 | 1.55 | 0.49 |

टिप्पणीः

1) 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के उपरोक्त स्टैंडएलॉन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 25 जून, 2021 को आयोजित बैठक में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये। परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के विवरण के साथ उक्त स्टैंडएलॉन अंकेक्षित तिमाही वित्तीय परिणाम कम्पनी के सांविधिक अंकेक्षकों से प्राप्त सेबी (सूचीयन दायित्व एवं उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अनुपालन में ऑडिटरों के रिपोर्ट के अधीन रखे गए हैं।

2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व तथा अन्य उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल की गई तिमाही अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप का सार है। तिमाही अंकेक्षित परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचैंजों की वेबसाईट अर्थात् मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचैंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.msei.in), बीएसई लि. (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाईट (www.shreeworstex.in) पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिये तथा उसकी ओर से
श्री वर्स्टेक्स लिमिटेड
हस्ता./-
पवन कुमार मित्तल (निदेशक)
DIN: 00749265

तिथिः 25.6.2021
स्थानः नई दिल्ली

## BERVIN INVESTMENT AND LEASING LTD.

Regd. Office: 607, Rohit House, 3,Tolstoy Marg, New Delhi-110 001
CIN No.: L65993DL1990PLC039397,
Website: www.bervin.com, Email Id: secretary@bervin.com

STATEMENT OF AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / YEAR ENDED 31ST MARCH 2021

(Amount in Lacs)

| Sl No. | Particulars | 3 months ended 31.03.2021 Audited | Year to date figures for current period ending 31.03.2021 Audited | Year to date figures for previous year ending 31.03.2020 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | (10.77) | 506.54 | 177.14 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (before Exceptional and/or Extraordinary items) | (25.58) | 414.94 | 83.41 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (25.58) | 414.94 | 83.41 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (94.82) | 345.70 | 66.62 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)) | (94.82) | 345.70 | 66.62 |
| 6. | Equity Share Capital | 589.81 | 589.81 | 589.81 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | 1,857.88 | 1,857.88 | 997.85 |
| | | 31.3.2021 | 31.3.2021 | 31.3.2020 |
| 8. | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | |
| | (1) Basic (Rupees per equity share) | (0.43) | 7.04 | 1.41 |
| | (2) Diluted (Rupees per equity share) | (0.43) | 7.04 | 1.41 |

NOTES

1. No Leasing Business has been undertaken during the quarter.
2. The above results were reviewed by the Audit Committee and thereafter taken on record and approved by Board of Directors at their meeting held on June 26, 2021.
3. Figures for the quarter/year ended 31st March, 2020 have been regrouped wherever necessary to make them comparable with figures of the current quarter ended 31st March, 2021.
4. As the company is engaged in mainly in single primary business segment, the disclosure requirement of Accounting Standard (AS-17) 'Segment Reporting' notified under Section 133 of the Companies Act, 2013, read together with paragraph 7 of the Companies (Accounts) Rules, 2014 and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 are not applicable.
5. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with Stock Exchanges for the quarter/year ended 31 March, 2021 under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The detailed format of the same is available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and Company's website (www.bervin.com)

For and on behalf of Board of Directors
Sd/-
S.K. Murgai (Director)
DIN : 00040348

Place: New Delhi
Date: 26th June, 2021

## एबीएम इन्टरनेशनल लिमिटेड

पंजी. कार्यालयः 10/60, इंड. एरिया, कीर्ति नगर, नई दिल्ली-110015
CIN: L51909DL1983PLC015585, Ph: 011-41426055, E-mail vkgandhi@abmintl.in, Website www.abmintl.in

**31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्रम सं. | विवरण | स्टैंडएलॉन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
| | | 31.03.2021 | 31.12.2020 | 31.03.2020 | 31.03.2021 | 31.03.2020 | 31.03.2021 | 31.12.2020 | 31.03.2020 | 31.03.2021 | 31.03.2020 |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (निवल) | 3,091.34 | 6050.01 | 2,029.06 | 12,956.77 | 9,839.18 | 3,091.34 | 6,050.01 | 2,029.06 | 12,956.77 | 9,839.18 |
| 2 | अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं /अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 161.49 | 957.69 | (159.57) | 1,187.04 | (262.07) | 161.49 | 957.69 | (159.57) | 1,187.04 | (262.07) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिये निवल लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 161.49 | 957.69 | (159.57) | 1,187.04 | (262.07) | 161.83 | 957.54 | (159.92) | 1,186.07 | (264.40) |
| 4 | कर से बाद अवधि के लिये निवल लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 141.36 | 807.29 | (375.61) | 1,016.51 | (478.11) | 141.70 | 807.14 | (375.96) | 1,015.54 | (480.44) |
| 5 | अवधि के लिये कुल व्यापक आय (अवधि के लिये (कर से बाद) तथा अन्य व्यापक आय (कर से बाद) से शामिल) | 139.19 | 807.29 | (381.86) | 1,041.34 | (486.86) | 139.53 | 807.14 | (382.21) | 1,013.37 | (489.19) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,176.00 | 1,176.00 | 1,176.00 | 1,176.00 | 1,176.00 | 1,176.00 | 1,176.00 | 1,176.00 | 1,176.00 | 1,176.00 |
| | क) मूल | 1.18 | 6.86 | (3.25) | 8.63 | (4.14) | 1.19 | 6.86 | (3.25) | 8.62 | (4.16) |
| | ख) तरल | 1.18 | 6.86 | (3.25) | 8.63 | (4.14) | 1.19 | 6.86 | (3.25) | 8.62 | (4.16) |

टिप्पणीः

1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई, तथा 26.6.2021 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए तथा कम्पनी के सांविधिक अंकेक्षकों ने उस पर अपनी ऑडिट रिपोर्ट जारी किये हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं उदघाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत नेशनल स्टॉक एक्सचैंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में दाखिल की गई तिमाही एवं वार्षिक वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप का सार है। इन तिमाही तथा वार्षिक वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचैंज की वेबसाईट अर्थात् द नेशनल स्टॉक एक्सचैंज ऑफ इंडिया लिमिटेड https:www1.nseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाईट http://www.abmintl.in पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिये तथा उनकी ओर से
एवीएम इन्टरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
विरेन्दर कुमार गांधी
अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक
DIN-00244762

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 26.6.2021

## जालंधर मोटर एजेंसी (दिल्ली) लिमिटेड

CIN: L35999HR1998PLC033943
पंजी. कार्यालयः 458-1/16, सोहना रोड, न्यू कोर्ट के सामने, गुरूग्राम - 122001, हरियाणा
फोन न0. 0124-3019210, 211, फैक्स न0. 0124-4233868, वेबसाइटः www.jmaindia.com; ईमेल आईडीः info@jmaindia.com

**31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

(रू. लाखों में)

| क्र. सं0 | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | कंसोलिडेटेड | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 31.03.2021 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2020 (अनंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2020 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2021 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2020 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2021 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2020 (अनंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2020 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2021 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2020 (अंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 10641.15 | 9844.90 | 7813.16 | 32940.85 | 30956.67 | 12903.30 | 11935.70 | 9259.20 | 39470.16 | 36750.71 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या असाधारण मदों से पहले) | 1071.88 | 950.47 | 479.99 | 2744.22 | 1715.40 | 1269.95 | 1115.66 | 569.35 | 3128.37 | 1940.48 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, अपवादात्मक मदों के बाद) | 1071.88 | 950.47 | 479.99 | 2744.22 | 1715.40 | 1269.95 | 1115.66 | 569.35 | 3128.37 | 1940.48 |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के बाद) | 821.47 | 699.50 | 342.35 | 2038.08 | 1270.38 | 973.91 | 823.19 | 412.34 | 2312.04 | 1422.37 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय शामिल] | 868.76 | 728.20 | 236.80 | 2113.67 | 1136.10 | 1021.65 | 851.33 | 306.44 | 2387.43 | 1327.22 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (पूर्ण भुगतान किए गए प्रत्येक रू 2/- का अंकित मूल्य) | 456.82 | 596.36 | 596.36 | 456.82 | 596.36 | 456.82 | 596.36 | 596.36 | 456.82 | 596.36 |
| 7 | रिजर्व (पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दिखाए गए पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | 13924.30 | 15117.05 | | | | 15780.68 | 16727.22 |
| 8 | प्रति शेयर आय (असाधारण मदों के बाद) (प्रत्येक रू 2/- का) (गैर वार्षिकीकृत) बेसिक एंड डायल्यूटिड | 3.60 | 2.35 | 1.15 | 7.01 | 4.26 | 4.22 | 2.73 | 1.37 | 7.86 | 4.70 |

नोट्सः

1 सेबी (सुचियन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकतायें) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अनुसार, स्टॉक एक्सचेंज के साथ दर्ज उपरोक्त 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए उपरोक्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। इन परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट एनएसई "www.nseindia.com" तथा कंपनी की वेबसाइट www.jmaindia.com पर उपलब्ध है।

2 कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 जून, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन रु. 2/- प्रत्येक के रु. 2/- (100 प्रतिशत) प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की अनुशंसा की है।

3 पिछली अवधि के आकड़ों को जहां भी आवश्यक हुआ पुनःसमूहित/पुनःवर्गीकृत किए गया हैं।

4 25 जून, 2021 को आयोजित बैठक में उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखा समिति द्वारा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।

5 सांविधिक लेखापरीक्षकों ने वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा की है और अपरिवर्तित राय के साथ एक रिपोर्ट जारी की है।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
जालंधर मोटर एजेंसी (दिल्ली) लिमिटेड
हस्ता/-
विराट सोंधी
निदेशक
DIN: 00092902

स्थानः गुरूग्राम
तिथिः 25 जून, 2021

# देश की वृद्धि दर 8.4 से 10.1 फीसद तक रहने का अनुमान : एनसीएईआर

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

आर्थिक थिंक टैंक नेशनल काउंसिल ऑफ अप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) को उम्मीद है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मौजूदा वित्त वर्ष में 8.4-10.1 फीसद की वृद्धि हासिल कर सकती है। पिछले वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में 7.3 फीसद का संकुचन हुआ था।

एनसीएईआर ने अर्थव्यवस्था की तिमाही समीक्षा जारी करते हुए आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मजबूत वित्तीय समर्थन पर जोर दिया। एनसीएईआर ने एक बयान में कहा- हमारा आकलन है कि 2021-22 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 11.5 फीसद की वृद्धि होगी जबकि पूरे वित्त वर्ष में 8.4-10.1 फीसद की वृद्धि होगी। इसमें कहा गया है- हालांकि, उच्च वृद्धि में आधार प्रभाव की बड़ी भूमिका है। 2021-22 की पहली तिमाही इससे पिछले साल 2020-21 की पहली तिमाही में आई बड़ी गिरावट के ऊपर हासिल होगी। 2021-22 के अंत पर जीडीपी स्थिर मूल्यों पर, 2019-20 के जितनी ही 1,46,000 अरब रुपए (146 लाख करोड़) के बराबर रहेगी।

एनसीएईआर के आकलन के मुताबिक 2020-21 में आर्थिक वृद्धि में 7.3 फीसद का संकुचन हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि कोविड-19 की पहली लहर के मुकाबले संक्रमण मामलों की संख्या और मृत्यु के लिहाज से दूसरी लहर चार गुणा बड़ी थी। इसने पहली लहर से पहले ही बुरी तरीके से प्रभावित अर्थव्यवस्था को और नुकसान पहुंचाया है।

# सरकार की कुल देनदारी मार्च अंत तक 116.21 करोड़ पर पहुंची

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

सरकार की कुल देनदारी मार्च 2021 को समाप्त तिमाही में 116.21 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ गई। यह इससे पिछली तिमाही के मुकाबले 6.36 फीसद अधिक है। सरकार की कुल देनदारी (लोक लेखा के तहत देनदारी सहित) दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही में 109.26 लाख करोड़ रुपए थी।

वित्त मंत्रालय की जनवरी-मार्च, 2021 तिमाही के लिए जारी सार्वजनिक ऋण प्रबंधन रिपोर्ट के अनुसार यह तिमाही दर तिमाही आधार पर 2020-21 की चौथी तिमाही में 6.36 फीसद वृद्धि को बताता है। मार्च 2021 को समाप्त तिमाही में कुल बकाया देनदारी में सार्वजनिक कर्ज या लोक ऋण की हिस्सेदारी 88.10 फीसद थी। करीब 29.33 फीसद बकाया दिनांकित प्रतिभूतियों की परिपक्वता अवधि पांच साल से कम थी। स्वामित्व प्रतिरूप के अनुसार वाणिज्यिक बैंकों की हिस्सेदारी 37.8 फीसद और बीमा कंपनियों की 25.3 फीसद थी।

तिमाही के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों की आपूर्ति में वृद्धि के कारण द्वितीयक बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रतिफल की दर बढ़ी। 2020-21 की चौथी तिमाही के दौरान केंद्र सरकार ने 3,20,249 करोड़ रुपए की दिनांकित प्रतिभूतियां जारी कीं जबकि एक साल पहले 2019-20 की इसी तिमाही में 76,000 करोड़ रुपए की प्रतिभूतियां जारी की थीं। वहीं पुनर्भुगतान 29,145 करोड़ रुपए रहा।

# फेडरल बैंक ने रोजगार गंवाने वाले 400 लोगों को अस्थायी नौकरी दी

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

कोविड-19 महामारी के दौरान रोजगार गंवाने वाले लोगों की मदद के लिए फेडरल बैंक ने एक विशेष पहल की है। बैंक ने केरल में अपनी शाखाओं में ऐसे 400 लोगों को 18,000 रुपए मासिक वेतन पर अस्थायी नौकरियां उपलब्ध कराई हैं।

फेडरल बैंक के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी अजित कुमार केके ने बताया कि इन लोगों को 'कोविड वार्डन' का पद दिया गया है। इनका काम शाखाओं में आने वाली भीड़ को संभालना और उन्हें मास्क व सेनेटाइजर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि बैंक इन लोगों को 18,000 रुपए मासिक का वेतन दे रहा है। इन लोगों के वेतन पर पिछले 10 महीनों में छह करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

# ऊर्जा, परिवहन, स्वास्थ्य क्षेत्रों में बढ़े डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल : साहनी

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव अजय प्रकाश साहनी ने कहा है कि डिजिटल प्रौद्योगिकी का ऊर्जा, परिवहन, विनिर्माण और स्वास्थ्य सेवा जैसे परंपरागत क्षेत्रों में एकीकरण किया जाना चाहिए। इन परंपरागत क्षेत्रों में डिजिटल प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दिए जाने से 10 से 15 फीसद की वृद्धि एक संभावना बन सकती है।

पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआइ) के एक वेबिनार को संबोधित करते हुए साहनी ने कहा कि भारतीय आइटी उद्योग ने खुद को नए वातावरण के हिसाब से तेजी से ढाला है। उन्होंने कहा कि आरोग्य सेतु ऐप आज वैक्सीन का पासपोर्ट बन चुकी है। साहनी ने कहा कि सॉफ्टवेयर के साथ हार्डवेयर उत्पादों का विनिर्माण बढ़ाने की जरूरत है, जिससे हम विभिन्न देशों से आयात पर निर्भरता कम कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि उद्यमियों और कंपनियों को इस दिशा में आक्रामक तरीके से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर उत्पादों पर राष्ट्रीय नीति से उल्लेखनीय वृद्धि को प्रोत्साहन मिला है। हमारा मानना है कि अगले 5-10 साल में सॉफ्टवेयर में वृद्धि का प्रमुख क्षेत्र बनने की क्षमता है।

इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव साहनी ने कहा कि महामारी से रफ्तार कुछ धीमी पड़ी है, लेकिन हमारी महत्त्वाकांक्षा अगले पांच साल या आगे सालाना आधार पर 25 फीसद से अधिक की वृद्धि हासिल करने की है। उन्होंने कहा कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना के तहत कई प्रमुख ब्रांडों ने हाल के समय अपनी इकाइयां स्थापित की हैं। हम कलपुर्जा विनिर्माण पर प्रोत्साहन देने को प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि ये कलपुर्जे बड़ी संख्या में उत्पादों में काम आते हैं।

# महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण के लिए प्रदर्शन

मुंबई, 26 जून (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई ने स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षण बहाल करने की मांग को लेकर शनिवार को राज्य भर में 'चक्का जाम' किया।

पार्टी ने पहले घोषणा की थी कि वह राज्य भर में 1,000 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन करेगी। विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने अपने गृह जिले नागपुर में विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जबकि विधान परिषद में विपक्ष के नेता प्रवीण दारेकर ठाणे में प्रदर्शन में शामिल हुए। इन प्रदर्शनों के कारण ठाणे को मुंबई से जोड़ने वाला सड़का मार्ग कुछ देर के लिए बाधित हो गया।पुणे में प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाली पूर्व मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि यदि भाजपा की मांग पूरी नहीं होती है, तो पार्टी भविष्य में और बड़े प्रदर्शन करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में महा विकास आघाडी सरकार ओबीसी के राजनीतिक आरक्षण को बरकरार रखने में नाकाम रही।

मुंडे ने कहा, 'सरकार ओबीसी आरक्षण को हासिल करने में नाकाम रही, जो कि समुदाय के उत्थान के लिए आवश्यक है।' मुंडे ने आरोप लगाया कि जब ओबीसी आरक्षण संबंधी मामला अदालत में लंबित था, तब राज्य सरकार सहकारी क्षेत्र में चुनाव सहित विभिन्न चुनावों को टालती रही और अदालत ने जब आरक्षण समाप्त कर दिया, उसके बाद ही चुनावों की घोषणा की गई। हम मांग कर रहे हैं कि ओबीसी आरक्षण बहाल किया जाए और तब तक कोई चुनाव नहीं होना चाहिए। सरकार चुनाव स्थगित करने की मांग को लेकर हमारे साथ मिल कर चुनाव आयोग से संपर्क करे। अगर ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव होते हैं, तो हम और बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। भाजपा-शिवसेना सरकार ने 2019 में स्थानीय निकायों में ओबीसी को राजनीतिक आरक्षण दिया था, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने कहा कि महाराष्ट्र में संबंधित स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं ओबीसी के लिए आरक्षित कुल सीटों के 50 फीसद से अधिक नहीं हो सकता।

# सीईएसएल ने गांवों में एलईडी बल्ब की बिक्री फिर से शुरू की

नई दिल्ली, 26 जून (भाषा)।

सरकारी विद्युत सेवा कंपनी एनर्जी इफीसिएंसी सर्विसेज लि. (ईईएसएल) ने शनिवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी सीईएसएल ने अपनी ग्राम उजाला योजना के तहत उत्तर प्रदेश और बिहार के गांवों में बिजली की कम खपत करने वाले एलईडी बल्ब की बिक्री फिर से शुरू कर दी है।

ग्रामीण उपभोक्ताओं को 10 रुपए प्रति बल्ब की सस्ती दर पर तीन साल की वारंटी वाले 7 वाट और 12 वाट के एलईडी बल्ब मुहैया कराए जाते हैं। योजना की शुरुआत केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने इस साल मार्च में की थी। कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) ने बिहार के आरा और बक्सर जिले में अब तक 2,52,069 और उत्तर प्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ और भदोही में 1,08,470 एलईडी बल्ब की आपूर्ति की है।

## जेएमजी कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 574, 2रा तल, मैन रोड, चिराग दिल्ली, नई दिल्ली-110017
CIN: L31104HR1989PLC033561, फोन : 011-41834411, 41834111, फैक्स : 011-41834112
वेबसाइट : www.jmgcorp.in, ई-मेल : info@jmg-corp.in

**31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिये अंकेक्षित स्टैण्डएलॉन वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रुपए लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैण्डएलॉन | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 31.3.2021 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2020 (अनंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.3.2020 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2021 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.3.2020 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 255.65 | 209.31 | 25.00 | 602.71 | 44.75 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व | (22.77) | (77.77) | 18.70 | (127.69) | (3.05) |
| 3 | कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) | (22.77) | (77.77) | 18.70 | (127.69) | (3.05) |
| 4 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/(हानि) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद से शामिल) | (29.78) | (77.77) | 20.42 | (129.70) | (1.35) |
| 5 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी | 578.95 | 495.00 | 495.00 | 578.95 | 495.00 |
| 6 | तुलन पत्र तिथि 31.3.2021 को अन्य इक्विटी | - | - | - | 308.25 | 415.45 |
| 7 | आय प्रति शेयर (तिमाही, वार्षिकीकृत नहीं) | | | | | |
| | मूल्य (रु.) | (0.129) | (0.393) | 0.103 | (0.560) | (0.007) |
| | तरल (रु.) | (0.129) | (0.393) | 0.103 | (0.560) | (0.007) |

नोट :

1. उपरोक्त अंकेक्षित स्टैंडएलॉन परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 26 जून 2021 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत किये गये/सांविधिक ऑडिटरों ने इन स्टैंडएलॉन वित्तीय परिणामों पर अ-संशोधित ऑडिट अभिमत प्रकट किये हैं।
2. उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व तथा अन्य उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल की 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के स्टैंडएलॉन वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप का सार है। अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाईट www.jmgcorp.in पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिये तथा उसकी ओर से
जेएमजी कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
अतुल कुमार मिश्रा
प्रबन्ध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 26 जून, 2021